प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.07.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने राज्य की कानून–व्यवस्था और विकास कार्यों में सुस्ती को लेकर प्रशासन को संवेदनहीन बताया। श्री सेठ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये आरोप लगाया है कि केंद्र से मिलने वाले फंड के बावजूद राज्य सरकार की उदासीनता के कारण विकास योजनाएं फाइलों में अटकी हुई हैं।

******************

रांची ट्रेजरी घोटाले में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा ट्रेजरी अफसरों को क्लीन चिट देने पर भाजपा ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इस बयान को जांच प्रभावित करने वाला बताया है।

******************

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी आगामी 21 जुलाई को दिल्ली के जंतर–मंतर पर संसद चलो विरोध प्रदर्शन करेगी। रांची में प्रदेश कांग्रेस की सह–प्रभारी डॉ. सुधा प्रसाद ने बताया कि पार्टी नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिला आरक्षण को देश में अविलंब लागू करने और परिसीमन की शर्त हटाने की मांग कर रही है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज झारखंड विधानसभा परिसर में राज्य के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय मन्नान मल्लिक के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ–साथ विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और कई अन्य मंत्रियों व विधायकों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी नेताओं ने इसे राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया।

******************

लोहरदगा के कुडू में आवासीय स्कूल में सांप काटने से एक छात्रा की मौत और तीन के घायल होने के मामले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव से दो हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है। घायल तीनों छात्राओं की स्थिति अब खतरे से बाहर है। फुलमनिया उरांव का इलाज रांची स्थित रिम्स में जारी है, जबकि अनीषा और मनीषा का उपचार लोहरदगा सदर अस्पताल में किया गया।

******************

पलामू में भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता गणना प्रपत्र का वितरण तेजी से जारी है। अधिकांश प्रखंडों में 94 से 98 प्रतिशत घरों तक प्रपत्र पहुंचाए जा चुके हैं। वितरण में डालटनगंज और डिजिटलीकरण में बिश्रामपुर प्रखंड सबसे आगे है। प्रशासन ने मतदाताओं से समय पर प्रपत्र भरने की अपील की है।

******************

जमशेदपुर के सदर अस्पताल में अगले महीने से बोन मैरो की जांच पूरी तरह मुफ्त शुरू होगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से भी सैंपल यहां भेजे जा सकेंगे।

******************

गोड्डा के अंतरराष्ट्रीय मिक्स मार्शल आर्ट खिलाड़ी देवगन मरांडी भारत–नेपाल प्रतियोगिता जीतकर झारखंड लौट आए हैं। नेपाल के खिलाड़ी को हराकर देश का मान बढ़ाने वाले देवगन का उनके गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। सीमित संसाधनों के बावजूद इस बड़ी सफलता को हासिल कर उन्होंने युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

******************

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में बोकारो, गिरिडीह समेत कई जिलों में मेघगर्जन,वज्रपात के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है । मौसम केंद्र रांची ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*******समाप्त*******